आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 08.11.2025

समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के वृद्ध और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों व लेखकों की मासिक पेंशन तीन हजार रुपए से बढ़ाकर छह हजार रुपए करने की घोषणा की।
- राज्य में तीर्थाटन को बढ़ाने के लिये मानसखण्ड माला मिशन की तर्ज पर केदारखण्ड माला मिशन शुरू किया जाएगा।
- उत्तराखंड में तेजी से हो रहा है सड़कों का विस्तार, लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा— प्रदेश में सड़कों की लंबाई बढ़कर 43 हजार 765 किलोमीटर हुई।
- **और,** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में वृहद कृषक सम्मेलन का शुभारंभ किया।

**घोशणा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृद्ध और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों व लेखकों की मासिक पेंशन तीन हजार रुपए से बढ़ाकर छह हजार रुपए करने की घोषणा की है। उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर हिमालयन संस्कृति केंद्र, गढ़ी कैंट में आयोजित 'हिमालय निनाद उत्सव—2025' में मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति विभाग के तहत सूचीबद्ध सांस्कृतिक दलों के कलाकारों को मानदेय और अन्य सुविधाएं नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर की तर्ज पर दी जाएंगी।

श्री धामी ने कहा कि हिमालय निनाद उत्सव, केवल सांस्कृतिक समारोह नहीं, बल्कि हिमालय की आत्मा और साझा चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य के 25 वर्ष पूरे होना विकास, संघर्ष और स्वाभिमान के रजत जयंती वर्ष का प्रतीक है, जो आत्ममंथन और नए संकल्प का अवसर भी है।

**घोशणा**

राज्य में तीर्थाटन को बढ़ाने के लिये मानसखण्ड माला मिशन की तर्ज पर केदारखण्ड माला मिशन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि कुमाऊं मंडल के शारदा कॉरिडोर और आदि कैलाश क्षेत्र, तथा गढ़वाल मंडल के अंजनीसैंण और बेलकेदार क्षेत्र को स्प्रिचुअल इकोनॉमिक जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती पर देहरादून में आयोजित रैतिक परेड के अवसर मुख्यमंत्री ने राज्य के समग्र विकास के लिये विभिन्न घोषणाएं की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में प्रदेश की सभी कृषि भूमि का चरणबद्ध सर्वेक्षण और बंदोबस्त कराया जाएगा।

## निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन अनुसंधान संस्थान– एफ०आर०ई पहुंचकर उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष उत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी एफ०आर०आई जाकर समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए यातायात और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## यातायात प्लान जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून पहुंचने के कार्यक्रम को देखते हुए यातायात प्लान जारी कर दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वालों के लिए अलग–अलग रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं।

9 नवंबर को सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। पुलिस ने प्लान से संबंधित जानकारी के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया है।

यह यातायात व्यवस्था घंटाघर से प्रेमनगर, बल्लूपुर से कमला पैलेस, सेंट ज्यूड्स चौक और प्रेमनगर से धूलकोट तक लागू रहेगी। एफआरआई से 100 मीटर आगे टी–स्टेट पार्किंग तक शटल सेवा उपलब्ध रहेगी, जो कार्यक्रम समाप्त होने के बाद लोगों को पार्किंग तक ले जाएगी।

## सड़क विस्तार

उत्तराखंड में सड़कों का तेजी से विस्तार हो रहा है। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य के विकास में लोक निर्माण विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2000 में राज्य गठन के समय प्रदेश में सड़कों की लंबाई 15 हजार 470 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 43 हजार 765 किलोमीटर हो चुकी है।

**सतपाल महाराज ने बताया कि राज्य में पांच हजार सात सौ किलोमीटर कच्चे मार्गों को पक्के मोटर मार्गों में और एक हजार 469 किलोमीटर सिंगल लेन मार्गों को डबल लेन में परिवर्तित किया जाएगा। दुर्गम स्थानों में यात्रा सुगम बनाने के लिए टनल, रज्जू मार्ग और भूमिगत गलियारों के निर्माण की योजना भी है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में कई बाईपास जैसे हल्द्वानी, खटीमा, अल्मोड़ा, ऋषिकेश, गैरसैंण, श्रीनगर, हरिद्वार और पिथौरागढ़ सहित अन्य स्थानों पर बनाए जाएंगे। मानसखण्ड मंदिर माला परियोजना के तहत कुमाऊं क्षेत्र के 16 प्राचीन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राज्य में 460 पुराने पुलों को आधुनिक क्लास–ए लोडिंग पुलों में अपग्रेड किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के तहत सभी राजमार्गों पर बैरियर और पैराफिट लगाए जाएंगे।**

**श्री महाराज ने बताया कि नैनीताल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी और देहरादून जिलों में हेलीपोर्ट और हैलीपैड का निर्माण भी किया गया है, जिससे दुर्गम इलाकों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके।**

**कृशक सम्मेलन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में वृहद कृषक सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि, उद्यान, दुग्ध, मत्स्य और सहकारिता क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों और लखपति दीदियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने किसानों को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों का परिश्रम और त्याग ही राज्य की असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल योजनाओं की चर्चा का मंच नहीं, बल्कि किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस दौरान श्री धामी ने राज्य में किसानों के कल्याण के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और पहलों का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रजत जयंती वर्ष में "उत्तराखंड का किसान–उत्तराखंड का गौरव" के संदेश के साथ राज्य को आत्मनिर्भर और आधुनिक कृषि राज्य बनाने की दिशा में नई शुरुआत की जा रही है।

**दून मैराथन**

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर जिला प्रशासन देहरादून की ओर से आयोजित 'दून मैराथन' को जिलाधिकारी सविन बंसल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। 8 किलोमीटर की यह मैराथन पवेलियन ग्राउंड से शुरू होकर कनक चौक, एस्ले हॉल, बहल चौक, दिलाराम चौक, ब्रह्मकमल चौक, एनआईवीएच होते हुए वापस पवेलियन ग्राउंड पर समाप्त हुई। दौड़ में 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि रजत जयंती वर्ष राज्य की एकता, संकल्प और ऊर्जावान भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मैराथन दृढ़ संकल्प, धैर्य और निरंतर आगे बढ़ने का संदेश देती है, जैसे राज्य के विकास के लिए भी सतत प्रयास आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को राज्य की शक्ति बताते हुए कहा कि इस दौड़ के माध्यम से 'स्वस्थ उत्तराखंड—सशक्त उत्तराखंड' का संदेश समाज तक पहुंचा है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी आने से उड़ाने लेट होने की खबर को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इस खबर पर दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है— एक हजार से अधिक उड़ानें लेट। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है—एटीसी में तकनीकी खामी सात सौ उड़ानें अटकीं, घंटों फंसे रहे यात्री।

अमर उजाला का शीर्षक है— तकनीकी खराबी से दिल्ली हवाई अड्डे पर आठ सौ उड़ाने प्रभावित, हजारों यात्री परेशान। नवोदय टाइम्स लिखता है— ब्लैक डे, आई जी आई पर थमे विमान।

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं को सभी प्रमुख समाचार पत्रों में स्थान मिला है। इस खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है उत्तराखंड में पांच साल में होगा भूमि बंदोबस्त। वहीं अमर उजाला लिखता है पांच वर्षों में होगा पूरी कृषि भूमि का बंदोबस्त।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने पर वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने प्रधानमंत्री के हवाले से शीर्षक दिया है— वंदे मातरम के छंद हटाकर विभाजन का जो बीज बोया, वह आज भी चुनौती।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है—विभाजनकारी मानसिकता अब भी चुनौती।

दैनिक जागरण का शीर्षक है— 1937 में वंदे मातरम के टुकडे कर बोये गए विभाजन के बीज।